



## एक नजर

### रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की मौत, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**निंदूरा, बाराबंकी।** हसुवापारा गांव में ट्रैक्टर चलाते समय रोटावेटर की चपेट में आने से प्रेम प्रकाश उर्फ पिंटू गौतम (30) की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रेम प्रकाश की शादी करीब पांच वर्ष पहले गीता भारती से हुई थी। उनके चार वर्षीय बेटी अविष्का और एक वर्षीय बेटा लवी हैं। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टिकैतनगर की रामलीला में 25 साल बाद रावण बने चेयरमैन जगदीश गुप्ता

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** टिकैतनगर की श्रीराम जानकी लीला दशहरा कमेटी की रामलीला में रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता 25 साल बाद फिर रावण की भूमिका में नजर आए। उनके अभिनय और हनुमान-रावण संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलीला देखने पहुंचे।मंचन में हनुमान जी के लंका प्रवेश, अशोक वाटिका उजाड़ने, रावण के दरबार में संवाद और लंका दहन के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। जय श्रीराम के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। इस मौके पर राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, महंत बाबा बलराम दास और एसडीएम अनिल कुमार सरोज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### केबल चोरी से 15 दिन से ठप पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण परेशान

**मसौली, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित बोरवेल की केबल चोरी होने से पिछले 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। चार अक्टूबर की रात अज्ञात चोर सोलर पैनल और बोरवेल के बीच लगी केबल काट ले गए थे। इससे ग्रामीणों को पानी के संकट का सामना करना पड़ रहा है।ग्राम पंचायत प्रशासक नूर फातिमा ने बताया कि केबल चोरी की सूचना जल जीवन मिशन के अभियंता को दी गई, लेकिन अब तक नई केबल नहीं लगाई गई है। ग्रामीणों को राहत देने के लिए उन्होंने जल्द केबल लगवाकर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जैदपुर में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, जयकारों से गूंजा माहौल

**जैदपुर, बाराबंकी।** शारदीय नवरात्र के नौ दिवसीय पूजन के बाद सोमवार को जैदपुर नगर पंचायत और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाओं को लेकर सफदरगंज स्थित कल्याणी नदी पहुंचे। नगर पंचायत के पूरब तरफ मोहल्ले में श्री संतोषी माता जागरण समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक ध्वजों और अबीर-गुलाल के बीच श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह लोगों ने जलपान की व्यवस्था की। विसर्जन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर रामबाबू सोनी, धीरज सोनी, विनोद कुमार सोनी और मुरारी सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रामलीला में राम-केवट संवाद का भावपूर्ण मंचन

विशाल माँ भगवती जागरण

**निंदूरा, बाराबंकी।** गढ़िया गांव में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम और केवट के बीच संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने वनवास के दौरान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के गंगा पार करने के प्रसंग को जीवंत किया। केवट द्वारा प्रभु के चरण पखारने की इच्छा जताने और उनके बीच हुए संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन के माध्यम से भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज शुक्ल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन की मांग विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों का धरना

**बाराबंकी।** पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ देने की मांग को लेकर सोमवार को गन्ना दफ्तर परिसर में विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित धरने में 28 जून 2024 के शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करने और लंबित पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग उठाई गई। धरने के बाद शिक्षकों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि पात्र शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने, लंबित विकल्प-पत्रों और अभ्यावेदनों का निस्तारण करने तथा एनपीएस अंशदान के नियमानुसार समायोजन की मांग की। पवन शंकर दीक्षित ने भी अपने विचार रखें।धरने में सुभाष तिवारी, रामानंद, नरेंद्र कुमार, आलोक सिंह, रोहित, राममिलन, सुरेंद्र, तृप्ति पांडेय, सीमा, रामगनेश, राम कुमार यादव, विक्रम सिंह, कुलदीप, दिलीप तिवारी, शिवाजी मिश्रा, अमित रावत और राज कुंवर दुबे सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने शासनादेश के अनुरूप पुरानी पेंशन का लाभ सुनिश्चित करने की मांग की।

### मां भगवती के पूजन-अर्चन से होता है जगत का कल्याण

**अयोध्या।** जय मां संतोषी दुर्गा पूजा समिति फतेहगंज की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता एवं पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्र ने श्रद्धालुओं को पूड़ी, हलवा और सब्जी का प्रसाद वितरित किया।इस अवसर पर उग्रसेन मिश्र ने कहा कि शारदीय नवरात्र मां भगवती की आराधना का पवित्र समय है। सच्चे मन से किया गया पूजन-अर्चन व्यक्ति के साथ परिवार, समाज, प्रदेश और देश के कल्याण एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। मां भगवती की आराधना से लोगों को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।उग्रसेन मिश्र ने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि पंडाल निर्माण, प्रतिदिन पूजन-अर्चन, भंडारे और शोभायात्रा के माध्यम से मां भगवती की प्रतिमा के सरयू नदी में विसर्जन तक के कार्यक्रमों में युवा साथी पूरी निष्ठा से जुटे रहते हैं। सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता है।उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले मोतीलाल, जवाहरलाल, भारत लाल, राजकुमार गुप्ता, अभिनव, अनूप, शंकर लाल गौतम और हर्ष सहित अन्य सदस्यों तथा महिला सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

### महानिशा आरती के बाद 21 कन्याओं का पूजन

**अयोध्या।** ट्रांसपोर्टनगर स्थित कृष्ण बिहार कॉलोनी में होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के महासचिव डॉ. उपेन्द्र मणि त्रिपाठी के आवास पर नवरात्र के अवसर पर विराजमान मां भगवती की महानिशा आरती आयोजित की गई। इसके बाद सुबह मानसनगर स्थित महर्षि वाल्मीकि सेवा बस्ती के चांदपुर काली माता मंदिर में कन्या पूजन किया गया।एडवोकेट धीरेंद्र मणि त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित महानिशा आरती में मातृमंडल ट्रांसपोर्टनगर की संयोजिका पुष्पमालती पांडेय, नगर संघचालक शिव प्रसाद, नगर कार्यवाह विजय शंकर, वाराणसी मालवीय एकेडमी के मेंटर वैभव त्रिपाठी, इंजीनियर सौरभ, पूर्व पोस्टमास्टर आरएस तिवारी, पूर्व डीएचओ डॉ. आरवी त्रिपाठी पूर्व सैनिक सुशील मिश्र सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, अध्यापिकाएं और बच्चे शामिल हुए डॉ. उपेन्द्र मणि त्रिपाठी के संयोजन में कन्या पूजन 21 कन्याओं के चरण पखारकर तिलक लगाया गया ।

# श्री-श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव में महा अष्टमी पूजा सम्पन्न

सीतापुर। सीतापुर आंख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री-श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित 51वें दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार की भोर महाअष्टमी की पूजा पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुगा पदो चक्रवर्ती द्वारा मंत्रोउच्चारण शंख एवं घंटा व धाक की ध्वनि के साथ विधि विधान के साथ संपन्न कराया। बंगाली रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजित पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने मां को फूल अर्पित कर पुष्पांजलि दी। पूजा के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव से मां का स्मरण करते नजर आए। माँ के भोग व प्रसाद वितरण का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। सायंकाल की बेला में माँ दुर्गा की आरती पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपची, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की। आरती में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी शामिल होकर माँ दुर्गा का आशीर्वाद व धूपचि नृत्य का लुत्त उठाया। तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाकर श्रदालुओ को वितरण किया गया। वहीं पूजा मंडप पर राष्ट्रीय सेवा परिषद सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के द्वारा भजन संध्या का आयोजन हुआ। कृष्णांश शुक्ला, नवीन दीक्षित, आकांक्षा शुक्ला, अनमोल सिंह, तन्वी शुक्ला, आरोही शुक्ला, कुशाग्र शुक्ला की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय हो गया। अंत में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को पूजा समिति व समाजसेवी अनूप खेतान ने स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। मुख्य रूप से एनएन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, श्यामल दत्ता, पंकज मुखर्जी, शांतनु दत्ता, अरिंदम दास, प्रदीप राय, डॉ पीके राय, डॉ पियुष मल्लिक, गौतम मुखर्जी, राजा सरकार, तापस पोले, विजय कुमार शुक्ल, सचिन त्रिपाठी, राम कुमार कटियार, रत्नेश द्विवेदी, डॉ यू सी दीक्षित, मंजू जिंदल, श्री प्रकाश सिंह, अनीत मिश्रा, कमलेश गुप्ता, रेखा द्विवेदी, शुभम द्विवेदी, आकाश मिश्रा, जूही जायसवाल, ममता डोडेजा, दीपक शुक्ला, अन्नी मेहरोत्रा राजन गुप्ता, बृजेश गुप्ता, उमा शंकर गुप्ता, शिव बालक त्रिवेदी, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, अंबरीश दीक्षित, आदि उपस्थित रहे।

**संधि पूजा में 108 दीप जलाकर की आराधना**

महाअष्टमी पर संधि पूजा का विशेष महत्व है। बंगाली समाज में इसे मां दुर्गा की आराधना का सबसे खास और भावनात्मक समय माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संधि पूजा अष्टमी के अंतिम 24 मिनट और नवमी के शुरुआती 24 मिनट में की जाती है। इस तरह यह पूजा कुल 48 मिनट की होती है। यह समय महाअष्टमी और महानवमी के मिलन का प्रतीक माना जाता है। जिसमें महिलाओं ने 108 कमल के पुष्प के साथ साथ दीपक जलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के की प्राथना की। इसके पूर्व पुरोहित की ओर से पूजन कर दीप प्रज्वलित कर संधि पूजन का प्रारम्भ किया। 108 दीप जलने से पूरा पंडाल प्रकाश मय हो गया। इस मौके पर महिलाओं में नीता मुखर्जी, नीता दास, वंदना राय, देवो श्री दास, श्यामली पोले, इला दत्ता, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, प्रियंका मल्लिक, राजश्री मल्लिक, चित्रा पोले, शिप्रा कुंडू, कल्पना घोष ने दीप जलाकर पूजा पूर्ण की।

### साकेत महाविद्यालय में औषधीय पौधों का रोपण

**अयोध्या।** शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मां शांति सेवा फाउंडेशन की ओर से साकेत महाविद्यालय परिसर में रुद्राक्ष, महावीर, कुमकुम गुग्गुल सहित देव एवं औषधीय वृक्षों का पौधारोपण किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक बसंत राम ने बताया कि पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पक्षियों के भोजन एवं संरक्षण वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों को शोध के लिए उपयोगी पौधे उपलब्ध कराना है। महाविद्यालय प्रबंधक आनंद सिंघल, संरक्षक आलोक बंसल, प्राचार्य दानपति तिवारी, डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव, प्रो. विनय कुमार सिंह, प्रो.अभिषेक दत्त त्रिपाठी संस्था की अध्यक्ष नेहा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 6 माह की मासूम हुई अनाथ, 2 हफ्ते में बुखार से दूसरी मौत

### तालाब बने कूड़ाघर, कागजों पर दौड़ रहे सफाई वाहन

**निंदूरा बाराबंकी।** एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत का दावा कर रही है, दूसरी तरफ बाराबंकी के टिकैतगंज में गंदगी और मच्छरों ने एक और घर उजाड़ दिया। बुखार से तड़पते 26 वर्षीय संदीप कुमार ने लखनऊ में दम तोड़ दिया। पीछे छोड़ गया 6 माह की मासूम बेटी, जो अब अनाथ हो गई और एक विधवा पत्नी, जिसके सिर से पति का साया हमेशा के लिए उठ गया।ग्राम पंचायत मोहसंड के टिकैतगंज निवासी जैसीराम के बेटे संदीप को 7 दिन से तेज बुखार था। निजी अस्पतालों के चक्कर, लखनऊ में भटकाव और अंत में मैक्स अस्पताल में मौत। परिजन चीखते रहे, सिस्टम देखता रहा। ***ये पहली मौत नहीं, 15 दिन में दूसरी बलि***इससे ठीक दो हफ्ते पहले इसी पंचायत के फिरोजपुर गांव में 15 साल के छात्र आयुष की भी बुखार से मौत हो गई थी। दो मौतों ने पूरे मोहसंड में दहशत फैला दी है। **सवाल सीधा है** – क्या टिकैतगंज-मोहसंड में कोई महामारी पनप रही है और स्वास्थ्य विभाग सो रहा है? **कागजों में स्वच्छ, जमीन पर नरक** स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका आरोप है -- साल भर मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव नहीं हुआ- तालाब कूड़े और गंदगी से पटे हैं, मच्छरों की फैक्ट्री बने हुए हैं।- कागजों में कूड़ा गाड़ी रोज चलती है, घर-घर से कूड़ा उठता है, लेकिन गांव में गाड़ी महीनों से नहीं दिखी।- स्वच्छता के नाम पर लाखों का बजट हर साल कागजों में फूंका जा रहा है।*अधिकारी बोले - जांच करेंगे*जब इस मामले में सीएससी अधीक्षक आरपी वर्मा से बात की गई तो उन्होंने रटा-रटाया जवाब दिया - जांच कराई जा रही है।**लेकिन सवाल ये है कि जांच कब तक? जब तक एक और मासूम अनाथ नहीं हो जाती?**ग्रामीणों ने डीएम बाराबंकी से मांग की है कि मोहसंड पंचायत की सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान और मच्छररोधी छिड़काव की ऑडिट कराई जाए और बुखार से बचाव के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

सोमवार को पड़रिया घाट पर विभिन्न क्षेत्रों से लाई गई दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया गया।

**मसौली, बाराबंकी।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने सोमवार को अधिकारियों के साथ मसौली चौराहा स्थित कल्याणी नदी के पड़रिया घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंगलवार और बुधवार को होने वाले विसर्जन को देखते हुए घाट पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने ग्राम पंचायतों के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी इंतजाम सुनिश्चित कराने को कहा। एसपी ने विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गुंजिता अग्रवाल, एएसपी मोहम्मद आफताब आलम, सीओ गरिमा पंथ, बीडीओ जितेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीराम कथा का श्रवण करना क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात- मनीष रावत

**सिधौली (सीतापुर)।** कस्बे के पड़ाव मैदान स्थित श्री गांधी डिग्री कॉलेज परिसर में भाजपा विधायक मनीष रावत के संयोजन में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का सोमवार को भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा परिसर प्रभु श्रीराम के जयकारों और भजन-कीर्तन से गुंजायमान रहा। कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज के श्रीमुख से रामकथा का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समापन के अवसर पर विधायक ने सिधौली की जनता के प्रति आभार जताया। वहीं, विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए आदर्श: मनीष रावत**कथा के समापन अवसर पर विधायक मनीष रावत ने कहा कि प्रभु श्रीराम सभी का कल्याण करें और प्रत्येक व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण करें। भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन त्याग, प्रेम, सेवा, समर्पण और मर्यादा का प्रतीक है। वनवास के दौरान प्रभु ने केवट, माता शबरी और अहिल्या सहित अनेक भक्तों पर कृपा कर उनके जीवन को धन्य बनाया। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत किया जा सकता है। विधायक ने सात दिवसीय आयोजन में सहयोग देने वाली सिधौली की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज के प्रति कृतज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का श्रवण करना क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कामना की कि आचार्य शांतनु महाराज पुन: सिधौली की धरती पर पधारें और अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित करें।

**सच्ची लगन और अटूट विश्वास से मिलती है प्रभु की कृपा: शांतनु महाराज**श्रीराम कथा के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर आचार्य शांतनु महाराज ने भगवान श्रीराम के प्रति अटूट श्रद्धा, प्रतीक्षा और समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान को पाने के लिए मन में सच्ची लगन और हृदय में निष्कपट भक्ति होनी चाहिए। माता शबरी और अहिल्या के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास से प्रभु की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। माता शबरी ने वर्षों तक भगवान श्रीराम की प्रतीक्षा की और उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर प्रभु स्वयं उन्हें दर्शन देने पहुंचे। गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि गुरु व्यक्ति के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और उसे सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरितमानस में गुरु की महत्ता को विशेष स्थान दिया है। कथा के दौरान चित्रकूट की लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया गया, वहीं राजा दशरथ के महाप्रयाण के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। **विशिष्ट अतिथियों ने प्राप्त किया आशीर्वाद**

कथा के प्रथम दिन से समापन तक बीकापुर विधायक अमित सिंह, पूर्व बाहुबली सांसद ब्रज भूषण शरण सिंह, सांसद अशोक रावत, पूर्व सांसद राजेश वर्मा, विधायक सुनील वर्मा, निर्मल वर्मा, सन्तोष शुक्ल, आशा मौर्या, रामकृष्ण भार्गव, एमएलसी पवन सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्राम सागर राठौर, मुनेन्द्र अवस्थी, रामगोपाल अवस्थी, शिव दर्शन यादव, इंटौजा के चेयरमैन कमल अवस्थी, शिव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक महेंद्र यादव, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीरज वर्मा तथा शिक्षक विधायक (एमएलसी) उमेश द्विवेदी सहित कई गणमान्य व भाजपा नेता पदाधिकारी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### शिक्षक हितों के मुद्दों पर सपा ने भरी हुंकार

**अयोध्या।** गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 23 अक्टूबर को प्रस्तावित मतदान से पहले आलापुर के सपा विधायक एवं चुनाव प्रभारी त्रिभुवन दत्त ने अयोध्या में प्रेसवार्ता कर निष्पक्ष चुनाव की मांग उठाई। उन्होंने दावा किया कि निष्पक्ष चुनाव होने पर सपा प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।त्रिभुवन दत्त ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के भरोसे को जरूरी बताते हुए बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक भर्ती की मान्यता, संस्कृत विद्यालयों और मदरसों के स्थायीकरण तथा तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। नारायण गुट के शिक्षक संघ ने बैठक और विचार-विमर्श के बाद सपा प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी को समर्थन देने का निर्णय लिया ह शिक्षकों का समर्थन और शिक्षक हितों के लिए पार्टी का संघर्ष प्रत्याशी के पक्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और समस्या ओं के समाधान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रदेश सचिव एवं चुनाव प्रभारी छोटे लाल यादव, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, महासचिव घनश्याम यादव, विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीतापुर से भाजपा की चुनावी तैयारी तेज

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद की विभिन्न विधानसभाओं में स्नातकध्शिक्षक मतदाताओं के साथ संपर्क एवं संवाद बैठक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी क्रम में बिसवां के अजीम मेमोरियल लॉ कॉलेज, रेउसा एवं लहरपुर में बैठकों का आयोजन किया गया। महमूदाबाद में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी उपस्थित रहे और उन्होंने उपस्थित शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से सहयोग की अपील की। बैठकों में सेवता विधानसभा में विधायक ज्ञान तिवारी, बिसवां में विधायक निर्मल वर्मा तथा लहरपुर-तंबौर में निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में शिक्षक व स्नातक मतदाता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा शिक्षक और स्नातक वर्ग के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने सभी मतदाताओं से भाजपा समर्थित प्रत्याशी उमेश द्विवेदी को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं, पुरानी पेंशन, समान कार्य समान वेतन सहित शिक्षा जगत के सभी मुद्दों को वह मजबूती से सदन में उठाते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नैमिष रतन तिवारी सुधाकर शुक्ला पंकज पांडे लक्ष्मी नारायण मौर्य सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का समर्थक संख्या में स्नातक एवं शिक्षक मतदाता एवं विद्यालय प्रबंधन के लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**सिधौली (सीतापुर)।** सिधौली-बिसवां मार्ग पर जय श्री हॉस्पिटल के पास सोमवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सड़क किनारे शव मिलने की सूचना से इलाके में चर्चा शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक की पहचान कराने में जुट गई। मौके पर युवक का शरीर अकड़ा हुआ था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि शव बीती रात से ही वहां पड़ा हो सकता है। हालांकि, युवक की मौत कब और किन परिस्थितियों में हुई, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना देने सहित आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सिधौली में गंगा आरती की तर्ज पर हुई मां दुर्गा की महाआरती

**सिधौली (सीतापुर)।** कस्बे के मोहल्ला बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में रविवार को आठवें दिन महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार से आए कलाकारों ने गंगा आरती की तर्ज पर मां जगदंबा की आरती की। दीपों की रोशनी, वैदिक मंत्रोच्चार और मां के जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। इस दौरान करीब 100 जोड़ों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लेकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मोहल्ला बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में यजमान अंकित श्रीवास्तव और पूर्णिमा श्रीवास्तव द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही है। पंडित अतुल मिश्रा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन संपन्न करा रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन होने वाली पूजा और आरती में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को हरिद्वार से आए कलाकारों की विशेष प्रस्तुति ने महाआरती को और भव्य बना दिया। दुर्गा पूजा कमेटी के हिमांशु जैन ने बताया कि पंडाल में प्रतिदिन मां दुर्गा की आरती होती है। इस बार हरिद्वार के कलाकारों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर की गई महाआरती श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रही। आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। सिधौली कस्बे में तहसील मार्ग, विवेक नगर, मोहल्ला बाजार, बिसवां चौराहा, महमूदाबाद चौराहा और बहादुरपुर सहित करीब एक दर्जन स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आरती की जा रही है। नवरात्र के चलते पूरे कस्बे में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। महाआरती के उपरांत सिधौली के लोगों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह, कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र यादव, अंबरीष श्रीवास्तव, वासु श्रीवास्तव, प्रशांत तिवारी, मनोज गोसेवक, अमित, मुन्नूलाल तिवारी, टिंकल तिवारी और ललित मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन में अनुराग शुक्ला (बंटी), हिमांशु जैन, ऋषि श्रीवास्तव, कमलकांत रस्तोगी (मोती), अंचल माहेश्वरी, मोहित श्रीवास्तव (वासु), शरद श्रीवास्तव, आशीष पांडेय, गौरव श्रीवास्तव, नमन जैन, कमल रस्तोगी, अंकित श्रीवास्तव और इंदर विक्रम सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

### भरत मिलाप पर लगेगा विशाल भंडारा,श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा प्रसाद

**गोसाईगंज, अयोध्या।** जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की ओर से भरत मिलाप के अवसर पर बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें रामलीला देखने और दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व मेलार्थियों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।समिति के संरक्षक जगदीश कुमार जायसवाल, सभासद आरती जायसवाल, मंत्री प्रकाश जायसवाल और कोषाध्यक्ष अनंत लाल सोनी ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष दुर्गा पूजा और सावन में कांवरियों की सेवा के लिए भंडारा आयोजित करती है। इस बार भी तैयारियां की जा रही हैं।

### पुलिस भर्ती में राजीव और हर्ष सफल अभिषेक का होमगार्ड में चयन

**रुदौली, अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र के तीन युवाओं ने सरकारी सेवा में चयन हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अघावननगर निवासी राजीव यादव और जरायलकलां निवासी हर्ष कुमार का पुलिस भर्ती में चयन हुआ है, जबकि इसी गांव के अभिषेक यादव होमगार्ड के लिए चयनित हुए हैं।राजीव यादव बालकराम यादव के पुत्र हैं, जबकि हर्ष कुमार आशीष कुमार उर्फ रिंकू के पुत्र हैं। जगन्नाथ यादव के पुत्र अभिषेक ने पुलिस भर्ती की अंतिम कटऑफ से दो बार चूकने के बाद भी प्रयास जारी रखा और होमगार्ड में चयन हासिल किया।सहकारी गन्ना विकास समिति गनौली के डायरेक्टर राम प्रेस यादव ने तीनों युवाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पांडे पद से हटाए गए

**अयोध्या।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पांडे को पद से हटा दिया है। सोशल मीडिया पर अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ संगठनात्मक कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता से जुड़ी तस्वीरें सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि राजकुमार पांडे को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन में लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर पार्टी के नियमानुसार आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसमें निष्कासन भी शामिल है।

### पेट्रोमैक्स में विस्फोट से युवक गंभीर, ट्रक लेकर चालक फरार

**रुदौली, अयोध्या।** राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर कुढ़ा सादात स्थित कमल पेट्रोल पंप के पास रविवार देर शाम पेट्रोमैक्स में आग लगने के बाद विस्फोट हो गया। हादसे में गोगवा निवासी देशराज पुत्र भगवान बख्श गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।बताया गया कि सड़क किनारे ट्रक चालक पेट्रोमैक्स पर खाना बना रहा था। आग लगने पर उसने जलता पेट्रोमैक्स फेंक दिया, जिससे विस्फोट हो गया। इसके बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। चौकी प्रभारी युवराज सिंह ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पेट्रोल पंप के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग उठाई है।

सूचना
मैने अपने चेचेरे भाई मो. अर्सलान पुत्र मुस्ताक अहमद के गलत चाल चलन व कार्य व्यवहार से पीड़ित होकर रिस्ता खत्म कर रहा हूं। आज से मेरा व मेरे परिवार के हाजी इरफ़ान व हाजी इरशाद अहमद समेत परिवार के अन्य लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नही रहा। उसके किसी कदाचार के हम लोग उत्तरदाई नहीं।
शहबाज अनवर पुत्र इजहार
मोहल्ला कसाई टोला थाना व कस्बा मसौली बाराबंकी।